शतक : संघ के 100 वर्षों की अनकही कहानी

भारत के सबसे ज्यादा चर्चित और बहस के केंद्र में रहने वाले संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर बनी बहुप्रतीक्षित फिल्म शतक-संघ के 100 वर्ष का ट्रेलर मुंबई में भव्य रूप से लॉन्च किया गया. यह ट्रेलर संघ के वरिष्ठ प्रचारक और अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य द्वारा कई विशिष्ट अतिथियों की मौजूदगी में जारी किया गया. यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष में एक अहम् क्षण के रूप में देखा जा रहा है.

साल 2025 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्ष पूरे किए जो एक ऐसा सफर है, जिसने भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया है. शतक इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में खड़ी होकर केवल धारणाओं पर आधारित चर्चाओं से आगे बढ़ते हुए इतिहास, विचार और संगठनात्मक विकास की एक संतुलित और गहन समझ प्रस्तुत करने का प्रयास करती है. फिल्म का ट्रेलर संघ से जुड़े कई वर्षों पुराने मिथकों और भ्रांतियों को चुनौती देने का संकेत देता है. इसमें उन ऐतिहासिक पहलुओं को सामने लाने की कोशिश की गई है, जिन पर अब तक शायद ही कभी परदे पर बात हुई हो. अलग-अलग दौर में संघ पर लगे प्रतिबंध, स्वतंत्रता संग्राम के समय की भूमिका और आपातकाल जैसे संवेदनशील लेकिन महत्वपूर्ण दौर, इन सबको संदर्भ के साथ प्रस्तुत करने का वादा ट्रेलर में साफ झलकता है.

डॉ. मनमोहन वैद्य की मौजूदगी ने इस कार्यक्रम को खास महत्व दिया. उनके द्वारा ट्रेलर लॉन्च किया जाना यह दिखाता है कि फिल्म अपने उद्देश्य को लेकर गंभीर है और तथ्यों व सच्चाई से जुड़ी रहने की पूरी कोशिश करती है.

फिल्म का निर्माण वीर कपूर ने किया है, इसके सह-निर्माता हैं आशीष तिवारी और इसे प्रस्तुत आदा 360 डिग्री एलएलपी ने किया है. यह फिल्म 19 फरवरी 2026 को रिलीज होने जा रही है.

मेरा इरादा किसी को आहत करने का नहीं था : हनी सिंह

रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं. दिल्ली में हुए उनके एक शो का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है, जिसके चलते उन्हें ऑनलाइन तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है.

वायरल क्लिप में हनी सिंह के बयान को अश्लील बताया गया है, जिस पर कई यूजर्स ने नाराज़गी जताई है. इसके कुछ ही घंटों बाद हनी सिंह ने इंस्टाग्राम पर एक माफ़ी वाला वीडियो साझा कर अपना पक्ष रखा.

उन्होंने कहा, सुबह से इंस्टाग्राम पर मेरा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे इस तरह एडिट किया गया कि कई लोग आहत हो गए. मैं पूरी बात स्पष्ट करना चाहता हूं. अपनी सफ़ाई में उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था.

हनी सिंह के अनुसार, कार्यक्रम से पहले उनकी मुलाकात कुछ प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञों और सेक्सोलॉजिस्ट्स से हुई थी, जिन्होंने युवाओं में असुरक्षित यौन संबंधों के कारण बढ़ती यौन संचारित बीमारियों (एसटीडी) को लेकर चिंता जताई थी. यह बातचीत उनके मन में रह गई.

वायरल ट्रेंड में शामिल हुईं दीया मिर्जा

बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा वायरल 'दिस वाज़ 2016' ट्रेंड में शामिल होकर अपने प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले गईं और अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें साझा कीं, जिससे उनके प्रशंसकों को अपनी शुरुआती फिल्मों की यादें ताजा हो गईं.

शनिवार को इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, दीया ने अपने 'रहना है तेरे दिल में' (आरएचटीडीएम) के सह-कलाकार आर. माधवन, जिन्हें मैडी के नाम से जाना जाता है, के साथ फिल्म के पर्दे के पीछे और फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट कीं. फिल्म की 25वीं वर्षगांठ इस अक्टूबर में आ रही है.

अपने कैप्शन में दीया ने लिखा, 'यह 2016 था. 19 अक्टूबर 2026 को 25 साल पूरे हो जाएंगे. एक ऐसा तोहफा जो हमेशा मिलता रहता है. फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी. फिल्म का नाम बताओ. ओह मैडी मैडी, देखो क्या आ गया?'

कई प्रशंसकों के लिए, रीना और मैडी के रूप में दीया और माधवन बॉलीवुड की सबसे प्रिय जोड़ियों में से एक हैं.

दो दशक से अधिक समय पहले रिलीज़ होने के बावजूद फिल्म के गाने, संवाद और कहानी आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखते हैं.

वाशु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, 'आरएचटीडीएम' में सैफ अली खान ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह माधवन और दीया मिर्जा दोनों की बॉलीवुड में पहली फिल्म थी. गौतम वासुदेव मेनन निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा उनकी अपनी तमिल फिल्म मिन्नाले का हिंदी रीमेक है, जो उसी वर्ष पहले रिलीज़ हुई थी.

मिनिषा लांबा ने लिखा मां के लिए इमोशनल नोट

कई चर्चित बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं एक्ट्रेस मिनिषा लांबा अब इंडस्ट्री से दूर हैं. हालांकि, वे सोशल मीडिया पर लगातार एक्टिव रहती हैं.साथ ही अपनी मां के नाम नोट लिखा है. पोस्ट में उन्होंने खुद को जन्मदिन की बधाई दी और खासतौर पर अपनी मां के नाम एक भावपूर्ण नोट लिखा. मिनिषा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, ''आज जन्मदिन के अलावा, जिस इंसान को सेलिब्रेट करना चाहिए, वह हैं असली हीरो, मेरी मां... दुनियाभर की सभी मां हीरो हैं. मेरी मां जब लेबर पेन में सारे मुश्किल काम कर रही थीं, मैंने तब बस आराम किया था. मेरे जन्म के बाद भी मां ने सब कुछ अकेले संभाला.'' अपनी मां को टैग करते हुए मिनिषा ने आगे लिखा, ''मैं आपसे बेहद प्यार करती हूं और उम्मीद करती हूं कि आपकी सारी मेहनत और कुर्बानियां रंग लाई होंगी. हर साल बड़े होते हुए यह एहसास होता है कि जीवन में एक नई जान लाने और हर दिन अपनी पूरी क्षमता से जीने में कितनी मेहनत लगती है.''

मिनिषा ने अपनी पोस्ट में कहा, ''लोग अपने जीवनसाथी के लिए सात जन्मों तक साथ चाहते हैं, लेकिन मैं अपनी मां के लिए यही चाहूंगी कि आप हर जन्म में मेरी मम्मी बनें.'' करियर की बात करें तो मिनिषा लांबा ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की थी और कई बड़े ब्रांड्स के विज्ञापनों में नजर आईं.

नामी कंपनियों के विज्ञापन उनकी पहचान बने. खासतौर पर एक चॉकलेट का विज्ञापन उनके लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुआ. इसी विज्ञापन के दौरान बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक शुजित सरकार ने उन्हें देखा और उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर फिल्म 'यहां' (2005) के लिए ऑफर दिया. मिनिषा ने फिल्मों में अपनी शुरुआत सपोर्टिंग रोल से की, लेकिन जल्दी ही वह लीड एक्ट्रेस बन गईं.

फराह खान करेंगी रियलिटी शो 'द 50' की मेजबानी

आगामी रियलिटी शो 'द 50' में अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल और टेलीविजन कलाकार करण पटेल नजर आएंगे, जो बनिजय द्वारा निर्मित एक अंतरराष्ट्रीय रियलिटी शो का भारतीय रूपांतरण है.

यह शो रणनीति, सामाजिक एवं अस्तित्व पर आधारित एक खेल के लिए टेलीविजन एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के लोकप्रिय चेहरों को एक साथ लाएगा.

दिव्या अग्रवाल वेब सीरीज़ एवं अभिनय परियोजनाओं में कुछ वर्ष बिताने के बाद रियलिटी टेलीविजन में वापसी करेंगी. एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने प्रतिस्पर्धी माहौल में फिर से प्रवेश करने को लेकर अपनी खुशी व्यक्त की.

दिव्या ने कहा, 'अभिनय हमेशा मेरा पहला प्यार रहेगा लेकिन 'द 50' के साथ रियलिटी शो में वापसी करना बहुत खास महसूस हो रहा है. रियलिटी शो से लेकर जियोहॉटस्टार पर 'फूह से फैंटेसी' के साथ साहसिक एवं प्रयोगात्मक कहानी कहने के मेरे सफर ने मुझे एक कलाकार और एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ने में बहुत मदद की है.'

करण पटेल ने कहा कि शो की अवधारणा ने उन्हें इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित किया, भले ही परिवार से दूर एक महीने तक घर में रहना एक चुनौती है.

उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपने साथी प्रतियोगियों से मिलने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि उनमें से कुछ जाने-पहचाने चेहरे होंगे और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा.'

इस रियलिटी शो की मेजबानी प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं कोरियोग्राफर फराह खान करेंगी. यह शो एक फरवरी से कलर्स पर प्रसारित होने के साथ-साथ जियोहॉटस्टार पर भी देखा जा सकेगा.

टीवी जगत

विदिशा श्रीवास्तव ने बनाया नया स्टाइल स्टेटमेंट

'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में अनीता भाबी के किरदार में नजर आ रहीं विदिशा श्रीवास्तव इस सीज़न अपने शानदार स्टाइल से दर्शकों का दिल जीत रही हैं. उनकी खूबसूरती, आत्मविश्वास और सादगी से भरे लुक्स हर सीन को खास बना रहे हैं. शिफॉन से लेकर रंग-बिरंगी सिल्क साड़ियों तक, अनीता भाबी का हर अंदाज़ उनके आधुनिक, आत्मनिर्भर और सलीकेदार व्यक्तित्व को बखूबी दर्शाता है. इस खास बात को और दिलचस्प बनाता है यह तथ्य कि विदिशा अपने कई लुक्स खुद स्टाइल करती हैं और अक्सर अपना मेकअप भी स्वयं करती हैं. साड़ी की ड्रेपिंग में नए प्रयोग, आकर्षक ज्वेलरी का चुनाव और पारंपरिक सौंदर्य में हल्का सा मॉडर्न टच- हर लुक में उनकी अपनी पहचान साफ नजर आती है.

अपने स्टाइल को लेकर विदिशा श्रीवास्तव ऊर्फ अनीता भाबी कहती हैं, 'अनीता भाबी हमेशा से अपनी गरिमा और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, लेकिन 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' में मैं उनके लुक में नई ताजगी और अपनी सोच जोड़ना चाहती थी. मुझे साड़ियां बेहद पसंद हैं और मेरा मानना है कि सही स्टाइलिंग के साथ साड़ी पारंपरिक होने के साथ-साथ ट्रेंडी भी हो सकती है. मैं खुद साड़ियां चुनती हूं रंगों के साथ प्रयोग करती हूं और कई बार खुद मेकअप भी करती हूं ताकि अनीता का व्यक्तित्व-बोल्ड, आत्मविश्वासी और स्टाइलिश, जैसा है वैसा ही दिखे. जब दर्शक इन छोटी-छोटी बातों को नोटिस करते हैं, तो बहुत अच्छा लगता है. वह आगे कहती हैं, 'मेरे लिए फैशन सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किरदार का विस्तार है. अनीता भाबी का स्टाइल उनके आधुनिक सोच और परिपक्वता को दर्शाता है. चाहे दिन के सीन के लिए हल्के रंग की साड़ी हो या शाम के लिए ग्लैमरस लुक हर पहनावा अपनी एक कहानी कहता है.

अक्षय सर हमेशा से मेरी इंस्पिरेशन रहे हैं : भरत अहलावत

शो 'जाने अनजाने हम मिले' अब एक हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस के साथ दर्शकों की धड़कनें बढ़ाने वाला है. शो में राघव के किरदार में भरत अहलावत और रीत के रोल में आयुषी खुराना नजर आ रहे हैं. आने वाले एपिसोड्स में एक इंटेंस बाइक स्टंट सीक्वेंस दिखाया जाएगा, जो स्टोरीलाइन के बड़े हाइलाइट्स में से एक होने वाला है. इस ड्रामेटिक ट्रैक में राघव का एक भयानक एक्सीडेंट होगा, जिसके बाद वो अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझता नजर आएगा. शूटिंग से जुड़ी बातें शेयर करते हुए भरत ने बताया कि इस सीक्वेंस के लिए उन्होंने अपनी खुद की बाइक इस्तेमाल की, जिससे वो पूरी तरह कंट्रोल में रह सके, क्योंकि वो अपनी बाइक की हर डिटेल से अच्छी तरह वाकिफ हैं.

इस सीन को लेकर भरत बताते हैं, 'ये बाइक स्टंट सीक्वेंस मेरे लिए एक शानदार एक्सपीरियंस रहा. अपने तरीके और अपने स्टाइल में ऐसे एक्शन सीक्वेंस करना वाकई बहुत यादगार था. हमारे डायरेक्टर सुमित सिरी और मैंने पहले से डिस्कस किया था कि हम एक्शन को अलग भी रखें और नैचुरल भी. भरत ने आगे कहा, 'बॉलीवुड में कई शानदार एक्टर्स हैं जो जबर्दस्त स्टंट्स करते हैं, लेकिन मैं हमेशा से अक्षय कुमार सर का फैन रहा हूं. वो असली 'खिलाड़ी' हैं और एक्शन सीक्वेंस करने के मामले में वो हमेशा मेरी इंस्पिरेशन रहे हैं.'

फिलहाल 'जाने अनजाने हम मिले' में राघव और रीत की लव स्टोरी का सबसे उथल-पुथल वाला दौर चल रहा है. उनका रिश्ता टूटने की कगार पर है क्योंकि रीत को लग रहा है कि राघव ने कीर्ति के साथ उसे धोखा दिया है, जिससे मौजूदा ड्रामा और भी ज्यादा इंटेंस हो गया है.

यंग इंडिया

इंडियन ऑयल में अप्रेंटिस के 405 पदों पर भर्ती

आईओसीएल अप्रेंटिस भर्ती 2026 को लेकर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ढ्ढह्लष्टरु) ने आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. मार्केटिंग डिवीजन (पश्चिमी क्षेत्र) के तहत 405 ट्रेड, टेक्नीशियन और ग्रेजुएट अप्रेंटिस पदों पर भर्ती की जाएगी. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 15 जनवरी से आधिकारिक वेबसाइट द्बशष्द्य.ष्शद्ब पर जाकर 31 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

आवेदन के लिए जरूरी योग्यता- आईओसीएल अप्रेंटिस भर्ती 2026 में अलग-अलग पदों के लिए अलग योग्यता रखी गई है. टेक्नीशियन अप्रेंटिस के लिए इंजीनियरिंग में 3 साल का डिप्लोमा होना जरूरी है, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 50% और एससी/एसटी/दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 45% अंक होने चाहिए. ट्रेड अप्रेंटिस पद के लिए 10वीं पास होना और संबंधित ट्रेड में 2 साल का आईटीआई सर्टिफिकेट होना चाहिए.

ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए किसी भी विषय में स्नातक डिग्री जरूरी है, जिसमें सामान्य वर्ग के लिए 50% और आरक्षित वर्ग के लिए 45% अंक होने चाहिए. डेटा एंट्री ऑपरेटर पद के लिए 12वीं पास होना जरूरी है, और जिनके पास स्किल सर्टिफिकेट है उन्हें वह भी देना होगा.

उम्मीदवार की उम्र 31 दिसंबर 2025 तक कम से कम 18 साल और ज्यादा से ज्यादा 24 साल होनी चाहिए. सरकार के नियमों के अनुसार उम्र में छूट भी दी जाएगी. एससी/एसटी उम्मीदवारों को 5 साल, ओबीसी को 3 साल और दिव्यांग उम्मीदवारों को 10 साल की अतिरिक्त छूट मिलेगी.

कैसे होगा चयन?

आईओसीएल पश्चिमी क्षेत्र में अप्रेंटिस पदों पर चयन पूरी तरह योग्यता परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर किया जाएगा. इसके लिए कोई लिखित परीक्षा या इंटरव्यू नहीं होगा. चयन होने के बाद उम्मीदवारों को दस्तावेज जांच और नियुक्ति से पहले मेडिकल फिटनेस टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा.

नाबार्ड में विकास सहायक की भर्ती

बैंक में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे कैंडिडेट्स के लिए नाबार्ड में नई भर्ती निकली है. राष्ट्रीय कृषि और विकास बैंक ने ग्रुप क्ष विकास सहायक के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं. जारी हुए शॉर्ट नोटिफिकेशन के मुताबिक इस वैकेंसी के लिए 17 जनवरी 2026 से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे.

शैक्षिक योग्यता: डेवलपमेंट असिस्टेंट के लिए उम्मीदवारों के पास किसी भी विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बैचलर की डिग्री होनी चाहिए (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी और एक्स सर्विसमैन सिर्फ उत्तीर्ण हो). वहीं डेवलपमेंट असिस्टेंट (हिन्दी) के लिए इंग्लिश/हिन्दी मीडियम में बैचलर डिग्री प्राप्त की है. डिग्री कोर्स के दौरान कैंडिडेट ने (हिन्दी/इंग्लिश) को इलेक्टिव सब्जेक्ट के रूप में पढ़ा हो. कैंडिडेट को इंग्लिश से हिन्दी और हिन्दी से इंग्लिश में ट्रांसलेट करना आना चाहिए.

आयुसीमा: उम्मीदवारों की उम्र कम से कम 21 वर्ष और अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए. हालांकि जो अभ्यर्थी आरक्षित वर्ग से हैं, उन्हें ऊपरी उम्र में नियमों के मुताबिक छूट भी दी जाएगी. (योग्यता संबंधित ये डिटेल आपको विकास सहायक के 2022 भर्ती नोटिफिकेशन से बताई गई है.) जल्द ही इस वैकेंसी का विस्तृत विज्ञापन जारी होने वाला है.

अप्लाई कैसे करें?

इस बैंक भर्ती में जो कैंडिडेट्स अप्लाई करना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म फिलिंग के लिए नाबार्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.nabard.org पर जाना होगा. यहीं आवेदन शुरू होंगे.

होमपेज पर Career Notices सेक्शन में आपको इस भर्ती का लिंक मिलेगा.

अगर आप वेबसाइट पर नए हैं, तो पहले Click Here for New Registration के लिंक पर जाना होगा.

यहां अपनी बेसिक जानकारियों को सही बॉक्स में भरकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड क्रिएट कर लें.

अब लॉगइन क्रेडेंशियल का इस्तेमाल करके वेबसाइट पर फिर से लॉगइन करें.

Development Assistant की भर्ती में आवेदन करने का ऑप्शन मिलेगा.

फॉर्म में अब जो -जो डिटेल्स मांगी जाती हैं, उन्हें ध्यान से भर दें.

एप्लीकेशन फीस भरें और आवेदन पत्र का प्रिंट आउट निकालकर सुरक्षित रख लें.

भर्ती से जुड़ी अन्य किसी भी जानकारी के लिए उम्मीदवारों को नाबार्ड ऑफिशियल वेबसाइट विजिट करने की सलाह दी जाती है.

यूपी आंगनवाड़ी में बंपर भर्ती

उत्तर प्रदेश आंगनवाड़ी में विभिन्न जिलों के उम्मीदवारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं. आवेदन करने के इच्छुक व योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट upanganwadibharti.in पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन पूरा कर सकते हैं. सभी जिलों के लिए आवेदन की तारीख अलग - अलग निर्धारित की गई है. जिसके लिए उम्मीदवारों को आगे लेख में दिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन देखने की सलाह दी जाती है.

शैक्षणिक योग्यता- शैक्षणिक योग्यता सरल रखी गई है ताकि 10वीं और 12वीं पास महिलाएं आसानी से आवेदन कर सकें. इन पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 साल और अधिकतम 35 साल होनी चाहिए. SC, ST, OBC, PwD और Ex-Servicemen कैटगरी के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी.

आवेदन करने वाली उम्मीदवार का उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है.

हरियाणा में निकली पशु चिकित्सक की भर्ती

हरियाणा लोक सेवा आयोग ने पशु चिकित्सक भर्ती 2026 के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 20 जनवरी से 19 फरवरी 2026 तक HPSC की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

आवेदन की सभी शर्तें- पद के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन में स्नातक की डिग्री (क्ष्ङ्क्ष्ष्ठ ×, ॥) होनी चाहिए. इसके साथ ही उम्मीदवार का भारतीय पशु चिकित्सा परिषद या राज्य पशु चिकित्सा परिषद में पंजीकृत होना अनिवार्य है.

आयु सीमा के अनुसार, उम्मीदवार की 01.07.2025 तक न्यूनतम आयु 22 वर्ष और अधिकतम आयु 42 वर्ष होनी चाहिए. हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट भी लागू होगी.

कैसे होगा चयन?- एचपीएससी पशु चिकित्सक भर्ती 2026 में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा. सबसे पहले स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा, जो वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा और प्रारंभिक योग्यता जांच के लिए होगा. इसके बाद विषय ज्ञान परीक्षण किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों के पशु चिकित्सा विज्ञान का ज्ञान परखने के लिए लिखित परीक्षा होगी.

इसके बाद साक्षात्कार चरण आएगा, जिसमें उम्मीदवार के व्यक्तित्व, कौशल और विषय पर चर्चा की जाएगी. अंतिम चरण में दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण होगा, जिसमें उम्मीदवार की पात्रता और शारीरिक फिटनेस का अंतिम सत्यापन किया जाएगा.

ऐसे करें आवेदन- HPSC की आधिकारिक वेबसाइट hpsc.gov.in जाएं.

अब 'ऑनलाइन आवेदन करें' लिंक पर क्लिक करें. अब बुनियादी विवरण भरकर पंजीकरण करें और लॉगिन क्रेडेंशियल्स नोट कर लें.

व्यक्तिगत, शैक्षिक और अन्य आवश्यक जानकारी सही-सही भरें.